हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

11 बिगड़ी हवा की सेहत, एक्यूआई 225 तक पहुंचा



12 प्रेम, विश्वास और समर्पण के साथ मनाया करवा चौथ



खबर संक्षेप

दादा का पोस्टमार्टम करवाने आए छात्र की बाइक चोरी

बहादुरगढ़। शहर के सिविल अस्पताल परिसर में अपने दादा के शव का पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे एलएलबी के छात्र की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जटवाड़ा मोहल्ला निवासी गौरव चौधरी एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। वह 26 अक्टूबर को अपने पिता के साथ सिविल अस्पताल में अपने दादा के शव का पोस्टमार्टम करवाने गया था। पोस्टमार्टम होने के बाद जब वे घर जाने लगे तो पास ही खड़ी मोटरसाइकिल नहीं मिली। गौरव ने बाइक की आसपास तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

पेंशनभोगी एक नवंबर से जमा करवाएं अपना जीवन प्रमाणपत्र

झज्जर। जिला खजाना कार्यालय व उप खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण पत्र संबधित खजाना कार्यालय के साथ-साथ अन्य माध्यम से भी दर्ज करवा सकते हैं। जिला कोषाधिकारी संजय फौगाट ने बताया कि यह सुविधा सभी डाकघरों द्वारा घर पर भी उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके लिए निर्धारित शुल्क का प्रावधान रखा गया हैं। यह ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र सुविधा सभी कॉमन सर्विस सेंटरों व अटल सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध हैं। ऑनलाइन प्रमाण पत्र स्मार्टफोन के माध्यम से भी जमा करवाया जा सकता है।

चोरी मामले में तीसरा आरोपी पकड़ा, दो लाख रुपये बरामद

झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा गांव खुड्डन स्थित एक मकान से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान नवीन निवासी गांव खुड्डन, जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के कब्जे से दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

अनुसूचित जाति के युवक ऋण के लिए 31 दिसंबर तक करें आवेदन

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को विभिन्न आय उपार्जन गतिविधियां शुरू करने के लिए दो लाख तक का ऋण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।



आढ़तियों ने की बरसाती पानी की निकासी व नियमित सफाई की मांग

बरसात में बाजरे व धान की फसल भीगी किसानों व आढ़तियों को हुआ नुकसान

- मंडी में जलभराव होने से नीचे से भीगीं बोरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को हुई बरसात के कारण अनाजमंडी में बुरा हाल रहा। बाजरा व धान की फसल की पैकिंग में जुटे श्रमिक बरसात आने पर फसल को पानी से बचाने के लिए तिरपाल से ढकते दिखाई दिए। दिन भर रुक-रुक कर हुई बरसात ने श्रमिकों को थकाए रखा। मंडी आढ़तियों का कहना है कि बरसात के कारण अनाजमंडी में पहुंची धान व बाजरे की फसल को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने मंडी परिसर में टिन शेड से बाहर रखी धान व बाजरे की फसल को तिरपाल की सहायता से ढक तो दिया लेकिन दिन भर चली बरसात के चलते तिरपाल के नीचे से निकले बरसाती पानी के कारण फसलों से भरे बैगों का निचला हिस्सा भीग गया। कुछ स्थानों पर रखे धान से भरे बोरे भी बरसाती पानी की चपेट में आ गए। मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक बरसात के कारण पांच सौ से सात सौ क्विंटल फसल भीग गई। इसमें धान की फसल को अधिक नुकसान पहुंचा है।



झज्जर। बरसात में फसल को तिरपाल ढककर बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन फिर भी काफी बोरियां भीग गईं।

नालियों की सफाई की मांग

आढ़ती यूनियन के पूर्व प्रधान श्रीभगवान व आढ़ती देवेंद्र ने बताया कि अनाजमंडी शुरू से होने से पहले ठेकेदार द्वारा फुटपाथ आदि का निर्माण किया गया था। उसके बाद फुटपाथ के किनारे पड़े मलबे को वहीं पर छोड़ दिया गया, जिस कारण फुटपाथ के साथ बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली भी अट गई। इसी कारण अनाजमंडी परिसर में कई स्थानों पर बरसाती पानी भर जाता है। इससे पहले बीती 15 अक्टूबर को आई बरसात के दौरान भी धान की फसल को अधिक नुकसान पहुंचा था। वे इस समस्या को मंडी शुरू होने से पहले भी उठा चुके थे लेकिन यहां की सफाई नहीं हो पाई। मार्केट कमेटी को चाहिए वह मंडी परिसर को नियमित सफाई कराए।



बारिश और सर्द हवाओं ने कराया ठंड का अहसास



बहादुरगढ़। वीरवार को मौसम अचानक बारिश और सर्द हवाओं के साथ बदल गया। सुबह से घने बादल छाए रहे और दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। सुबह 8 बजे से दोपहर बाद 4 बजे तक 27.8 मिलीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात अर्णब के प्रभाव से मौसम में परिवर्तन आया है। बताया जा रहा है कि चक्रवाती तूफान अर्णब आंध्र प्रदेश के तटों को पार कर उत्तर व पश्चिम दिशा में बढ़ने के साथ ही कमजोर हुआ है। लेकिन इसके प्रभाव से ही वीरवार को बहादुरगढ़ में वर्षा, गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चली।

आफत बनकर बरसा पानी, खेत से लेकर मंडी तक नुकसान

झज्जर। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार वीरवार अलसुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर रूक रूक कर कभी बूंदाबांदी तो कभी हल्की बारिश होती रही। सायं ढलने के उपरांत एकाएक तेज बारिश होने लगी। जिसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेत से लेकर अनाज मंडी तक किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसान श्रीकृष्ण गुलिया ने बताया कि खेतों में खड़े धान और बाजरे की फसल को बरसात के कारण नुकसान हुआ है। वहीं मंडियों में रखी फसल भीगने से भी किसान परेशानी में है। इसके अलावा जिन किसानों ने दो तीन दिन पहले सरसों की फसल बिजाई की है। उनको भी भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि फिलवक्त बरसात सभी फसलों के लिए नुकसानदायक है। वहीं, दिनभर बरसात होने के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ शुक्रवार को भी बारिश होने की संभावना जता रहे हैं।

बीसीसीआई चुनाव में 34 ने भरा है फार्म

आज नामांकन वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर



बहादुरगढ़। वीरवार को बीसीसीआई चुनाव को लेकर चर्चा करते उद्योगपति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) के चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन है। इसके साथ ही चुनावी मुकाबले की तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। किस खेमे से कितने उम्मीदवार मैदान में रहेंगे, इसका पता नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चलेगा। फिलहाल उद्योग जगत में चुनावी गतिविधियां तेज हैं और विभिन्न खेमों में उम्मीदवारों को लेकर विचार-मंथन जारी है।

बता दें कि चुनाव के लिए कुल 34 नामांकन दाखिल किए गए हैं। नामांकन दाखिल करने वालों में अखिल मित्तल, विकास आनंद सोनी, रविंद्र कुमार, संजय नारंग, नरेंद्र छिकारा, नवीन कुमार, पवन कुमार जैन, सुभाष जग्गा, जेके अग्रवाल, अजय खट्टर, अर्पण गुप्ता, मनोज कुमार सिंघल, राजेश अग्रवाल, सत्य नारायण दीक्षित, विजय गुप्ता, केशव जैमिनी, कमल कांत वर्मा, सुमित आनंद, विनोद कुमार जैन, राजेश गर्ग, केदार सिंह भदौरिया, विपिन बजाज, नरेश बंसल, कमल किरण सेठ, रविंद्र गोयल उचानिया, अनिल सरीन, गौरव महाजन, हरि शंकर बाहेती, नितिन जैन, महेश कुमार, गजेंद्र सिंह, रवि चमरिया और विरेंद्र कुमार सहित कुल 34 उम्मीदवार शामिल हैं। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, कार्यकारी सदस्यों के चुनाव के लिए 17 नवंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना मतदान संपन्न होने के बाद उसी दिन की जाएगी। इसके बाद 18 नवंबर को निर्वाचित कार्यकारी सदस्यों की सूची प्रकाशित की जाएगी। गवर्निंग बॉडी के चुनाव की प्रक्रिया 19 नवंबर को आगे बढ़ेगी, जबकि इसके लिए मतदान 20 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। उसी दिन परिणाम आएगा।

एक ग्रुप ज्यादा हावी

34 में से करीब 24 नामांकन निवर्तमान पदाधिकारी एवं समर्थक हैं। चूंकि कार्यकारिणी में 21 ही सदस्य चुने जाएंगे। इसीलिए इस खेमे में 3 नामांकन वापस लेने को लेकर मंथन चल रहा है। जबकि चार नामांकन एक अन्य उद्यमी और उनके समर्थकों के हैं। वहीं 6 नामांकन दूसरे औद्योगिक संगठन से जुड़े उद्योगपतियों के बताए जा रहे हैं। इस तरह आमने-सामने पैनल नहीं बनने से चुनाव लगभग एकतरफा से होता दिख रहा है।

कुंजिया गांव की बेटी रवीना सेना में बनी लेफ्टिनेंट



झज्जर। अभिभावकों के साथ उपस्थित नवनियुक्त लेफ्टिनेंट रवीना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव कुंजिया की बेटी रवीना ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त कर गांव, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। रवीना को बुधवार को स्थायी कमीशन मिला। इस उपलब्धि के साथ वह गांव की पहली लेफ्टिनेंट बेटी बन गई हैं। रवीना के पिता इंद्र सिंह ने बताया कि वे स्वयं भारतीय सेना की सिग्नल कोर से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में हरियाणा पुलिस में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी बेटी रवीना ने दसवीं कक्षा तक की शिक्षा रईया गांव के एक निजी स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2021 में मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उसने मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ नर्सिंग, आईएनएचएस अश्विनी से प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रम पूरा किया और सेना में लेफ्टिनेंट बनीं। इंद्र सिंह के अनुसार उनके दादा भी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं।

तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

झज्जर। क्षेत्र के गांव कोयलपुर में हुई सड़क दुर्घटना के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोयलपुर गांव निवासी करीब 31 वर्षीय सुमित पुत्र सोहनलाल के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार सुमित रेलवे विभाग में ग्रुप डी में कार्यरत था और झज्जर में तैनात था। बुधवार की शाम जब ड्यूटी से वापस घर जा रहा था तो गांव के नजदीक चढ़वाना रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



साइबर ठगी में पांच आरोपी गिरफ्तार



झज्जर (हरिभूमि न्यूज)। साइबर थाना की टीम ने मोबाइल हैक होने के बाद 90 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम प्रबंधक निरीक्षक दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा एक आरोपी अमित कुमार गांव नगला कोयल, जिला हरिद्वार को पकड़ा। उससे पूछताछ के बाद टीम ने अन्य चार आरोपियों हर्ष तेज्यान निवासी नगला कोयल, नितिन निवासी गांव बुडपुर जट, संजू निवासी बुडपुर जट तीनों जिला हरिद्वार तथा टीकू राम निवासी जय



स्वागत | पैरा गेम्स में तीन कांस्य जीतने पर तैराक का सम्मान किया

एशियन गेम्स विजेता हिमांशु का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। हिमांशु नांदल का स्वागत करते अनिल खत्री और अन्य।

दृष्टिबाधित तैराक हिमांशु नांदल ने जापान में हुए एशियन पैरा गेम्स में 3 कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। बहादुरगढ़ पहुंचने पर एचएल सिटी स्थित चैंपियन्स एक्वेटिक एकेडमी में उनका स्वागत किया गया। एचएसए के महासचिव अनिल खत्री ने 11 हजार रुपये की माला पहनाकर हिमांशु का अभिनंदन किया।

मूल रूप से रोहतक निवासी हिमांशु एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल में अभ्यास करते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और कोचों के सहयोग को देते हुए भविष्य में देश के लिए ओलम्पिक जैसे बड़े मंच पर पदक जीतने का लक्ष्य जताया है। बता दें कि हिमांशु ने 19 से 24 अक्टूबर तक जापान में हुए खेलों में 400 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीते हैं। कोच रणबीर शर्मा ने कहा कि हिमांशु ने अपने प्रदर्शन से देश का नाम रोशन किया है।

हिमांशु के पिता बलवान ने बेटे की उपलब्धि पर तैराकी एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री का आभार जताया। इस मौके पर संग्राम मेडल विजेता महेंद्र पहलवान, सुनील खत्री, तैराकी कोच साई जाधव, अनिल ढुल, अवधेश, राजीव, सचिन व अभिषेक आदि ने हिमांशु का स्वागत किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

ठंड बढ़ने और दीपावली नजदीक आने के साथ बढ़ने लगा प्रदूषण का स्तर

बहादुरगढ़ में बिगड़ी हवा की सेहत गुणवत्ता सूचकांक 225 तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। वीरवार को बहादुरगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 154 से बढ़कर 225 तक पहुंच गया। हवा की गुणवत्ता में आई इस गिरावट ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हर साल ठंड बढ़ने और दीपावली नजदीक आने के साथ शहर की हवा खराब होने लगती है।

सिटी पल्स

इस बार भी प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बीच लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याओं की आशंका सता रही है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नगर परिषद की ओर से सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। पानी के टैंकर धूल को दबाने के लिए विभिन्न मार्गों पर छिड़काव कर रहे हैं। इसके साथ ही सड़कों पर स्मॉग गन भी चलाई जा रही हैं। इन उपायों का उद्देश्य वातावरण में उड़ने वाली धूल को कम करना है, लेकिन एक्यूआई में बढ़ोतरी से साफ है कि शहर में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लगातार और व्यापक प्रयासों की जरूरत है।



बहादुरगढ़। रेलवे रोड पर पानी छिड़कता नगर परिषद का टैंकर।

दरअसल, मौसम में बदलाव के साथ रात और सुबह के समय हवा की गति कम होने तथा वातावरण में तापमान संबंधी परतें बनने से प्रदूषक जमीन के नजदीक जमा रह सकते हैं। ऐसे में वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों पर उड़ती मिट्टी और औद्योगिक उत्सर्जन हवा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं। दीपावली के आसपास पटाखों से निकलने वाला धुआं भी प्रदूषण बढ़ाने वाला एक अतिरिक्त कारक बन सकता है। बहादुरगढ़ में औद्योगिक गतिविधियों, वाहनों की आवाजाही और निर्माण कार्यों के बीच धूल व धुएं पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। केवल पानी का छिड़काव करने से सभी प्रकार के प्रदूषकों पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता। इसके लिए प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों की पहचान करके उनके अनुसार कदम उठाने होंगे।

प्रदूषण के स्त्रोतों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करना जरूरी: नरेश भारद्वाज



ट्रांसपोर्टर नरेश भारद्वाज के मुताबिक एक्यूआई 225 पर पहुंचने का मतलब है कि बहादुरगढ़ की हवा खराब श्रेणी में आ गई है। बच्चों, बुजुर्गों, अस्थमा और हृदय संबंधी रोगों से पीड़ित लोगों को सावधानी की जरूरत है। सड़कों पर पानी का छिड़काव और स्मॉग गन धूल को नियंत्रित करने में मददगार हो सकते हैं, लेकिन इनसे वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन और हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों की समस्या का पूर्ण समाधान नहीं होता। प्रदूषण के स्त्रोतों की पहचान कर उन पर प्रभावी कार्रवाई करना जरूरी है।

हर साल सर्दियों के मौसम में गंभीर होने लगती है प्रदूषण समस्या, पहले से ही करें तैयारी: रवींद्र



ओमेक्स निवासी रवींद्र शर्मा का कहना है कि प्रदूषण की समस्या हर साल सर्दियों के मौसम में गंभीर होने लगती है। ऐसे में प्रशासन को पहले से तैयारी करनी चाहिए। पानी के टैंकरों और स्मॉग गन का इस्तेमाल केवल प्रमुख सड़कों तक सीमित न रहे, बल्कि धूल प्रभावित इलाकों, औद्योगिक क्षेत्रों, निर्माण स्थलों और अधिक यातायात वाले मार्गों पर भी नियमित कार्रवाई की जाए। नगर परिषद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और यातायात पुलिस को मिलकर ऐसे स्थानों की पहचान करनी चाहिए, जहां से धूल और धुएं का अधिक उत्सर्जन हो रहा है।

सुबह-शाम की सैर और खुले में व्यायाम करते समय सावधानी रखनी चाहिए: डॉ. अजय जैन



डॉ. अजय जैन का कहना है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 201 से 300 के बीच एक्यूआई रहने पर लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से लोगों को परेशानी हो सकती है। प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के दौरान लोगों को सुबह-शाम की सैर और खुले में व्यायाम करते समय सावधानी रखनी चाहिए। आंखों में जलन, खांसी, गले में खराश, सांस फूलने या सीने में परेशानी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

रोडवेज बस की टक्कर से पिकअप सवार दो घायल, रोहतक रेफर किया





■ बेरी नहर के पास हादसा, चालक बस छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कस्बा बेरी क्षेत्र में नहर के पास हरियाणा रोडवेज की बस और पिकअप गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में पिकअप सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संदीप पुत्र बलवान सिंह निवासी ढराणा तथा सुनील पुत्र फूलकुवार निवासी चिमनी के तौर पर हुई है।

पुलिस को दी शिकायत में संदीप ने बताया कि वह गाड़ी चालक का काम करता है। वीरवार को वह अपने साथी सुनील के साथ पिकअप गाड़ी लेकर बेरी से अपने गांव ढराणा आ रहा था। जब वे बेरी नहर के नजदीक पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही एक रोडवेज बस ने उनकी गाड़ी को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद जहां बस चालक मौके से फरार हो गया वहीं उसे व उसके साथी सुनील को गंभीर चोटें आई। इसके बाद राहगीरों की सहायता से उन्हें उपचार के लिए बेरी के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि इस संबंध में संदीप की शिकायत पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पावर हाउस के पास कार की टक्कर से ऑटो सवार मामा-भांजा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के झज्जर रोड पर पावर हाउस के पास बुधवार रात तेज रफ्तार कार ने ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई करने वाले ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार मामा-भांजा घायल हो गए।

कृष्णा नगर निवासी अनुज कुमार ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई करने का काम करता है। बुधवार की रात वह अपने भांजे मनीष के साथ ऑटो में ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई करके झज्जर रोड से अपने घर की तरफ लौट रहा था। रात करीब पौने 10 बजे जब पावर हाउस के निकट बहादुरगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आई एक सफेद कार ने उनके ऑटो को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों को चोटें आईं। हादसे के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर चला गया। दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां भांजे मनीष की हालत गंभीर होने के कारण उसे उच्च चिकित्सा केंद्र में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल ऑटो चालक के बयान पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यूज डायरी

एमआईई में सिक्योरिटी गार्ड की बाइक चोरी

बहादुरगढ़। शहर के मॉडर्न इंडस्ट्रियल एस्टेट (एमआईई) में कंपनी के बाहर खड़ी सिक्योरिटी गार्ड की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। छोटूराम नगर निवासी रघुबीर सिंह ने अपनी कंपनी के बाहर बुधवार सुबह करीब 6 बजे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद बाहर आने पर उसे मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। शिकायत के आधार पर थाना शहर बहादुरगढ़ पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाजारों में दिन भर हावी रही अव्यवस्था

बहादुरगढ़। करवाचौथ के चलते बाजारों में वीरवार को काफी भीड़भाड़ रही। भीड़ व जाम भरे हालातों से निपटने में पुलिस को काफी माथापच्ची करनी पड़ी। बाजारों में चौपहिया वाहनों पर नियंत्रण नहीं लग सका, लेकिन छोटे दुकानदारों को जरूर फटकार लगती नजर आई। दरअसल, त्योहारी सीजन में बाजारों में भीड़भाड़ हो जाती है। मेन बाजार और रेलवे रोड पर हालात बिगड़ जाते हैं। भीड़भाड़ भरे हालातों से निपटने और व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए इन बाजारों में चौपहिया वाहनों की एंट्री रोकने की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बेशक वीरवार को नाके पर खड़े पुलिस कर्मी वाहन चालकों को रोकते टोकते नजर आए। लेकिन फिर भी पूरी तरह से प्रवेश नहीं रुक सका। बाजार में सुबह से शाम तक गाड़ियां देखने को मिली। जिस कारण अव्यवस्था हावी रही।



पैरी अर्बन खेती, उत्पाद को खुदरा में बेचने से होगी खेती किसानी लाभकारी : धनखड़

झज्जर। हसनपुर कृषि मेले में उमड़ी किसानों की हाजिरी से संदेश मिलता है कि किसान अपनी अगली पीढ़ी के लिए जमीन बचाने और आय बढ़ाने के लिए आतुर है। अब हमारा दायित्व बनता है कि किसानों को पैरी अर्बन खेती की ओर अग्रसर होने, दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए पशु नस्ल सुधार के उपाय, खेती किसानी व पशु पालन से जुड़ी नई नई तकनीक की सही समय पर किसानों को जानकारी पहुंचाने, अपना उत्पाद सीधा ग्राहक को खुदरा में बेचने के उपाय आदि की जानकारी देने के बारे जन जागरण अभियान चलाने की जरूरत है। पूर्व कृषि मंत्री औमप्रकाश धनखड़ ने कादियान आयुष फार्म में कार्यकर्ताओं के साथ हसनपुर कृषि मेले की सफलता की समीक्षा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आप सभी साथी किसानों को घर घर जाकर बताएं और समझाएं कि बाजार की मांग के अनुसार खेती करें और सीधा बाजार में बेचें।

सम्मेलन को लेकर हुई कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ 31 अक्टूबर और एक नवंबर को दो दिवसीय आर्य सम्मेलन का किया जा रहा है आयोजन

आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वाधान में 31 अक्टूबर और एक नवंबर को दो दिवसीय आर्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान शताब्दी समारोह व उनके द्वारा 114 वर्ष पहले खोले गए गुरुकुल कुरुक्षेत्र का वार्षिकोत्सव संयुक्त रूप से मनाया जाएगा। आर्य प्रतिनिधि सभा जिला झज्जर के प्रधान आर्य हरिओउ्म दलाल ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल असीम कुमार घोष करेंगे।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित होंगे। समारोह के सारस्वत अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत होंगे। समारोह की सफलता के लिए आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष धर्मबीर आर्य, उपाध्यक्ष उमेद सिंह शर्मा, मुख्य अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद, सभा के मंत्री विजयपाल कुंडू आदि लगातार जुटे हुए हैं। जिला झज्जर कार्यकारिणी की बैठक में समारोह को लेकर चर्चा हुई। मीटिंग की अध्यक्षता आचार्य विक्रम देव ने की। जबकि आर्य जयपाल दहिया, संतलाल मलिक, व्रतपाल राठी आदि ने भाग लिया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि अनेक स्थानों से 8-10 बसों व निजी साधनों से हजारों की संख्या में आर्य समाजी समारोह में भाग लेंगे।

जिलास्तरीय समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं समस्याएं



झज्जर। वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरल और प्रभावी माध्यम उपलब्ध करवाना है। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहते हैं, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। समाधान शिविर में पीपीपी, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं दर्ज की गई।

छोटूराम नगर में मकान से आभूषण चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार



रोहतक। छोटूराम नगर में मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव माजरा बोहर निवासी जितेंद्र पुत्र अतर सिंह और तिलक नगर निवासी सुनील पुत्र मोहन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से चोरीशुदा सामान बरामद किया गया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि छोटूराम नगर निवासी सौरभ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 25 जून को वह निजी काम से बाहर गया था। दोपहर करीब 12 बजे घर लौटने पर कमरे का ताला टूटा मिला और गोदरेज की अलमारी से आभूषण गायब थे। मामले की जांच एसडीयू स्टाफ के सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण ने की। जांच के दौरान 28 अक्टूबर को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुरानी सब्जी मंडी थाना में इस संबंध में केस दर्ज है।

फर्जी ई-चालान लिंक पर क्लिक करते ही हैक हुआ फोन, दो बैंक खातों से निकले 1.01 लाख

रोहतक। वाहन का ई-चालान भरने के नाम पर भेजे गए फर्जी लिंक के जरिए गांव बनियानी निवासी एक व्यक्ति के दो बैंक खातों से 1.01 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित के मोबाइल पर ई-चालान के नाम से मैसेज भेजा गया था। लिंक खोलने के बाद उसका मोबाइल और बैंकिंग ऐप काम करना बंद हो गए। बाद में खाते से रकम निकलने का पता चला। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया हैबनियानी निवासी सुदर्शन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका मोबाइल नंबर भारतीय स्टेट बैंक के दो खातों में भी दर्ज है। 20 अक्टूबर 2026 को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से ई-चालान का मैसेज आया। इसमें उसकी गाड़ी का नंबर लिखते हुए चालान जमा नहीं करने पर कोर्ट के माध्यम से अधिक जुर्माना भरने की चेतावनी दी गई थी। मैसेज में चालान भरने के लिए लिंक दिया गया था।

400 परिवारों की राह में ताला, स्कूल बस से एंबुलेंस तक की एंट्री भी बंद

■ छोटू राम नगर की गली नंबर-1 में गेट लगाकर रास्ता बंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किसी गली में लगा लोहे का गेट और उस पर लटका ताला सैकड़ों परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सुखपुरा चौक से जींद बाइपास रोड स्थित छोटू राम नगर की गली नंबर-1 में रास्ता बंद किए जाने से करीब 400 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक गली पर गेट लगाकर ताला जड़ दिया गया है, जबकि उनके मकानों की रजिस्ट्री में रास्ते की चौड़ाई 20 फीट दर्ज है। लोगों का कहना है कि रास्ता बंद होने से बच्चों के स्कूल आने-जाने से लेकर आपात स्थिति में एंबुलेंस के पहुंचने तक में दिक्कत आ रही है। कॉलोनीवासी प्रशासन से रास्ता खुलवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।





छोटू राम नगर निवासी एडवोकेट सुनील शर्मा ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से कॉलोनी में रह रहे हैं। उनके अनुसार, मकानों की रजिस्ट्री में संबंधित रास्ता 20 फीट चौड़ा दर्ज है। इसके अलावा नगर निगम की ओर से यहां पक्की सड़क बनाई गई है। पेयजल की पाइपलाइन बिछाने के साथ बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये दस्तावेज और सरकारी सुविधाएं रास्ते के सार्वजनिक उपयोग को दर्शाती हैं।

प्रॉपर्टी डीलरों का यह दावा

सुनील शर्मा का आरोप है कि जमीन के पुराने मालिकों और कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने बची हुई गली को निजी प्लॉट बताते हुए नोटिस चस्पा कर दिया। इसके बाद लोहे का गेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। कॉलोनीवासियों ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की है।

एक रास्ता पहले से ही बाधित

स्थानीय निवासी सतवीर सिंह ने बताया कि जींद बाईपास फ्लाईओवर के निर्माण के कारण कॉलोनी का एक प्रमुख रास्ता पहले से बाधित है। ऐसे में दूसरे रास्ते पर ताला लगने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उनके अनुसार, स्कूल बसों, ऑटो और एंबुलेंस को कॉलोनी के भीतर पहुंचने में दिक्कत हो रही है। बारिश के दौरान लंबे और खराब वैकल्पिक रास्तों पर ऑटो पलटने से दुर्घटनाएं होने की बात भी उन्होंने कही।

वर्ष 2016 से चल रहा विवाद

स्थानीय निवासी चंद्रकला के अनुसार, गली को लेकर विवाद वर्ष 2016 से चल रहा है। पहले रास्ता समय-समय पर खुलता था, लेकिन अब इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुलिस चौकी में शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस ने पेट्रोल पंपों पर विशेष जांच अभियान चलाया

प्रदूषण फैलाने वाले 87 वाहनों के काटे चालान

■ ग्रेप के प्रथम चरण की बंदिशों के चलते सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ग्रेप के प्रथम चरण की बंदिशों के चलते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए वाहनों की जांच की जा रही है। वीरवार को जिला परिवहन अधिकारी रवीश हुडा के नेतृत्व में एडीटीओ राजेश मलिक की टीम ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान 87 वाहनों के चालान किए गए। चैकिंग अभियान के दौरान पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र की जांच की गई। जांच में बिना वैध प्रमाणपत्र वाले 87 वाहन पाए गए, जिनके मौके पर ही चालान किए गए।


बहादुरगढ़। पेट्रोल पंपों पर वाहनों की पीयूसीसी चैक करती परिवहन विभाग की टीम। फोटो: हरिभूमि

अब तक 269 वाहनों को किया जा चुका है जब्त

डीटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित आयु पूरी कर चुके वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। अब तक ऐसे 269 वाहनों को जब्त किया जा चुका है। इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के संचालन पर रोक लगाना और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जांच अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों का वैध पीयूसीसी प्रमाणपत्र बनवाकर रखें, निर्माण सामग्री को तिरपाल से ढककर ले जाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

निर्माण सामग्री को ढकना जरूरी: डीटीओ रवीश हुड्डा ने बताया कि इसके अलावा विभाग की टीम ने निर्माण सामग्री लादकर चलने वाले वाहनों की जांच की। बिना तिरपाल ढके निर्माण सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार, अब तक ऐसे 46 वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। बिना तिरपाल निर्माण सामग्री ले जाने से सड़क पर धूल फैलती है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है।

संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों ने भी इन वाहनों को ईंधन देने से मना कर दिया।

मातन-मांडौठी के बीच थार गाड़ी रुकवाकर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की लोगों से पूछताछ

मातन और मांडौठी गांव के बीच रास्ते में थार गाड़ी रुकवाकर उसके शीशे तोड़ने और परिवार को धमकाने का मामला सामने आया है। खरहर निवासी मनोज ने तीन नामजद और तीन अन्य लोगों पर उनकी गाड़ी के आगे वाहन लगाकर रास्ता रोकने तथा कुल्हाड़ी और अन्य हथियारों से गाड़ी पर वार करने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दी शिकायत में मनोज राठी ने बताया कि 26 अक्टूबर को वह अपनी थार गाड़ी में मातन और मांडौठी के बीच पहुंचा तो आरोपितों ने अपनी गाड़ी आगे लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद गाड़ी के शीशे पर कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिससे शीशा टूट गया। मनोज के अनुसार, इसी दौराननकाबपोश व्यक्ति सफेद रंग की बलेनो गाड़ी से उतरा और उसने बंदूक से उनकी तरफ फायरिंग करने की कोशिश की। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने किसी तरह खुद और अपने परिवार की जान बचाई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के खेतों में काम करने वाले लोगों से पूछताछ की और अन्य स्तरों पर भी जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार इस दौरान फायरिंग होने की पुष्टि नहीं हुई, जबकि गाड़ी रोककर झगड़ा करने और वाहन में तोड़फोड़ किए जाने की बात सामने आई। पुलिस जांच के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

सूचना

मैं, सतबीर सिंह पुत्र श्योदत निवासी गांव जहाजगढ़, तहसील बेरी, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विकास कुमार व पुत्रवधू कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

अग्रवाल वैश्य महिला समाज ने मनाया करवा चौथ पर्व

बहादुरगढ़। शहर के सेक्टर-6 में अग्रवाल वैश्य महिला समाज ने करवा चौथ पर्व विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार से सज-धज कर एकत्रित हुईं। पूजा के पश्चात महिलाओं ने पारंपरिक करवा माता की कथा सुनी। कथा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने नृत्य, गायन और तंबोला खेल कर पर्व की जमकर खुशियां मनाई। संस्था की अध्यक्ष किरण गर्ग, पूजा जिंदल, अंजू गर्ग, मंजू जिंदल ने बताया कि सामूहिक आयोजन से त्यौहार का आनंद कई गुना बढ़ गया। इस अवसर पर भारती, मीनू गुप्ता, रितु गर्ग, सविता, प्रियंका, मोनिका गजानंद गर्ग और श्वेता आदि मौजूद रही।

लोगों को आकर्षित कर रहा कला व संस्कृति का संगम

बहादुरगढ़। शहर की एचएल सिटी में स्थित एवेन्यु-37 में इन दिनों कला और संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ है। यहां चल रहे आर्ट एंड क्रॉफ्ट उत्सव में शिल्पकारों, बुनकरों की कला लोगों के मन को मोह रही है। उत्सव में कलाकार अपनी-अपनी पारंपरिक कला का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रिंटिंग, क्ले आर्ट तथा हस्तनिर्मित ज्वैलरी जैसी अन्य विधाएं यहां लोगों को भारतीय लोककला की समृद्ध परंपरा से रूबरू करा रही हैं। स्थानीय कला-प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। लोगों ने न सिर्फ कलाकारों के हुनर को सराहा बल्कि हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीदारी कर कलाकारों को प्रोत्साहन भी दिया।

प्रेम, विश्वास और समर्पण के साथ मनाया करवा चौथ

सुहागिनों ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, बादलों में छिपे चांद को अर्घ्य देकर खोला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पति-पत्नी के पवित्र प्रेम का प्रतीक करवा चौथ पर्व वीरवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर सुहागिनों ने आपसी विश्वास, पिया के प्यार, अखंड सौभाग्य व दृढ निश्चय का पर्व करवाचौथ को एक तपस्या के रूप में मनाया। पिया की लंबी उम्र की कामना करते हुए बादलों में ही छिपे चांद को अर्घ्य देने के बाद पानी पीकर व्रत तोड़ा। इससे पूर्व सुहागिनों ने मंदिरों तथा अपने घरों के प्रांगण में विधि विधान से पूजा की। बता दें कि करवा चौथ महिलाओं के लिए विशेष दिन रहा। घरों व मंदिरों में व्रत से जुड़ी कथा को करवा का आदान-प्रदान करते हुए महिलाओं ने मधुर स्वर में गीत एक-दूसरे को सुनाए और सास-ससुर से आशीर्वाद भी लिया। अनेक स्थानों पर सोलह श्रृंगार कर कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत रखा, पूजा-अर्चना की और पति के दीर्घायु होने की कामना की। दोपहर बाद पारंपरिक रूप से पूजा-पाठ किया और रात को बादलों में छिपे चांद की उपस्थिति में व्रत खोला व पति के दीर्घायु होने की कामना की।



बहादुरगढ़। वीरवार को करवा चौथ पर कथा सुनती सुहागिनें।

दिनभर निर्जला रहकर सुहागिनों ने रखा व्रत

- महिलाओं ने सामूहिक रूप से सुनी करवा चौथ व्रत कथा

झज्जर। पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागिनों ने दिनभर निर्जला रहकर करवा चौथ का व्रत किया। महिलाओं ने अलसुबह करवों की स्थापना कर पूजा अर्चना की और बाद में सामूहिक रूप से करवा चौथ की व्रत सुनी। देर शाम चांद को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला। सुहागिन महिलाओं ने वीरवार को हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक तरीके से करवा चौथ का पर्व मनाया। अलसुबह से ही सुहागिन महिलाएं पर्व को मनाने की तैयारियों में जुटी रही। दिनभर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और श्रृंगार कर चांद निकलने का इंतजार करती रही। लेकिन बारिश होने के कारण चांद के दर्शन नहीं होने पर निर्धारित समय पर चांद को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला। महिलाओं ने अपने सास-ससुर और परिवार के बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए जल ग्रहण किया।



झज्जर। करवा चौथ व्रत की कथा सुनते हुए महिलाएं।

एचडी साल्हावास की टीम ने वैश्विक-वैज्ञानिक मंच पर पाया चौथा स्थान, जीता डेढ़ लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

तीन दिवसीय इमेजिंग साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव में एच डी साल्हावास की टीम ने ऑल इंडिया की 152 टीमों को पीछे छोड़ते हुए चौथा रैंक प्राप्त किया है और डेढ़ लाख रुपये का इनाम जीतकर क्षेत्र, जिले व हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया है। तीन नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों, जीव विज्ञान विशेषज्ञों, रिसर्चरों, वैज्ञानिकों और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में एच डी साल्हावास की टीम द्वारा स्कूली उम्र में देश के सबसे बड़े मंच पर दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए टॉप पांच टीमों में चौथा रैंक प्राप्त करना और डेढ़ लाख रुपये का इनाम जीतना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

विद्यालय के ओलंपियाड प्रमुख आशीष यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय की टीम कार्तिक जाखड़, दृष्टि तथा कोमल ने एक नया इतिहास रच दिया है। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि विद्यालय की टीम ने वैश्विक स्तर की इस प्रतियोगिता में चौथा रैंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन, निरंतर परिश्रम और नवाचार की भावना के बल पर बड़े-से-बड़े मंच पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। वहीं एच डी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्या प्रीति राठी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी एवं विद्यालय स्टाफ सदस्य।

जयपाल लांबा को जेम्स अवॉर्ड से किया सम्मानित

झज्जर। महाराजा अजमीढ़ जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 14वें जैम्स ऑफ इंडिया अवार्ड में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सिंह लांबा को सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल अजमीढ़ जयंती समारोह में देश-विदेश की कई विभुतियों को उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। जयपाल लांबा ने कहा कि शिक्षा, समानता सामाजिक, समरसता और राष्ट्र निर्माण में हम सभी को आगे आना चाहिए।



झज्जर। जयपाल लांबा को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।



बहादुरगढ़। पंकज फोगाट को बधाई देते राजेंद्र जून व अन्य कांग्रेसी।

युकां जिलाध्यक्ष बने पंकज का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से बहादुरगढ़ निवासी पंकज फोगाट को युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद पंकज फोगाट का पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून के कार्यालय पर स्वागत किया गया।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने पंकज फोगाट को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना संगठन को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम है। युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और नई सोच होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पंकज फोगाट अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाएंगे तथा युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ेंगे। पंकज फोगाट ने राजेंद्र सिंह जून सहित कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाएंगे।

शहरी ब्लॉक अध्यक्ष संदीप उर्फ सीटू बराही, पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, वेद प्रधान, आजाद अहलावत, मोनू कसार, रामकुमार जून, जस्सी जून, मदन दलाल, नित्यानंद झा, प्रदीप वर्मा और राजेश कलसन आदि ने पंकज फोगाट को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

दिल्ली में कांग्रेस महारैली बदलाव की रिहर्सल, सरकार की निर्णायक हार का बनेगी आधार: सुभाष बतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की महारैली को लेकर हरियाणा में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रैली की तैयारियों को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा ने इस महारैली को बदलाव की रिहर्सल करार दिया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में होने वाली इस रैली में हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे और यह महारैली देश तथा प्रदेश की राजनीति में बदलाव का संदेश देगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्ट टाइम मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार से परेशान है और हर वर्ग में सरकार के प्रति नाराजगी है। उन्होंने भाजपा के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा मुकाबले की राजनीति करते हुए खुद ही अराजकता फैलाना चाहती है। वहीं विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि कांग्रेस दिल्ली की महारैली में वोट चोरी, लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया और सत्ता के कथित केंद्रीकरण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा।

स्वर्ण पदक विजेता प्रतीक का स्वागत



बहादुरगढ़। एयरपोर्ट पर प्रतीक का स्वागत करते परिजन व मित्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एशिया-पैसिफिक मोटरस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लौटे प्रतीक दलाल का दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिजनों और मित्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बहादुरगढ़ के प्रतिभाशाली मोटरस्पोर्ट्स खिलाड़ी प्रतीक दलाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करते हुए एशिया-पैसिफिक मोटरस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जी है। थाईलैंड में 23 से 25 अक्टूबर तक हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रतीक ने 16 देशों के 35 प्रतिभागियों के बीच शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुष सोलो वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

युवा संवाद में 250 युवाओं ने ली लोकतांत्रिक शपथ



झज्जर। क्षेत्र के गांव खातीवास स्थित संस्कारम पब्लिक स्कूल में मेरा युवा भारत की ओर से युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 250 विद्यार्थियों एवं युवाओं ने भाग लिया और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए लोकतांत्रिक शपथ ली। मेरा युवा भारत की उप-निदेशक अर्शदीप ने बताया कि कार्यक्रम में यूथ आइकन दीक्षिता गुलिया ने विकसित भारत युवा संवादः अपना वोट जानें विषय पर युवाओं को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया और लोकतंत्र में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया। वहीं, एशियन गेम्स में भाग ले चुकीं पूजा ने स्पोर्ट्स आइकन के रूप में युवाओं को प्रेरित किया। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने युवा सहभागिता, नागरिक जिम्मेदारियों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। इस दौरान लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी जयशंकर, ज्योति, जसबीर, दीपक, दीपेंद्र, आकाश, ऋतु कुमार, हर्ष, रवि, हनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

लॉ स्टूडेंट्स ने किया लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण

बहादुरगढ़। जेसी कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा विद्यार्थियों को न्यायिक प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से रोहिणी कोर्ट में लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। कॉलेज की निदेशक प्रो. शालिनी त्यागी के नेतृत्व में बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी व एलएलबी प्रथम वर्ष के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ डॉ. जगदीश, माधुरी सोनी व आर्यन भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली, न्यायिक प्रक्रिया तथा विवादों के आपसी सहमति से समाधान की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. शालिनी त्यागी ने कहा कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों को न्याय व्यवस्था की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने और अपने विधिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव के साथ समृद्ध करने का अवसर मिला।



बहादुरगढ़। लोक अदालत का भ्रमण करने पहुंचे लॉ कॉलेज के विद्यार्थी।



बहादुरगढ़ ने जीती इंटर-कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय की पुरुषों की टेबल टेनिस टीम ने रोहतक स्थित महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में 27 और 28 अक्टूबर को हुई इंटर-कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। टीम में एमए प्रथम वर्ष के आयुष, बीए द्वितीय वर्ष के कुशाल, बीबीए प्रथम वर्ष के पियांशु और बीकॉम प्रथम वर्ष के लक्ष्य शामिल थे। बहादुरगढ़ की टीम ने शानदार खेल और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की टीम को शिकस्त दी। इसके साथ ही आयुष और कुशाल ने बरेली में आयोजित होने वाली आगामी इंटर-यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्या सुमन हुड्डा और शारीरिक शिक्षा के प्रोफेसर डॉ अमित छिकारा समेत सभी प्राध्यापकों ने पूरी टीम को बधाई दी है। साथ ही आगामी अंतर-विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता के लिए आयुष और कुशाल को जीत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

करवा चौथ के उपलक्ष्य में आयोजित निःशुल्क कैंप में सात सौ महिलाओं ने लगवाई मेहंदी

विज्ञान एवं एसएसटी प्रदर्शनी में 250 से अधिक वर्किंग मॉडल बने आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दीपचंद पब्लिक स्कूल गुढ़ा में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 250 से अधिक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा करवा चौथ के उपलक्ष्य में आयोजित निशुल्क मेहंदी कैंप में करीब सात महिलाओं ने मेहंदी लगवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा, सौर ग्रहण, इकोसिस्टम और बहुउद्देशीय बांध सहित विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।



झज्जर। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्यातिथि।

विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा

जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह, डीपीसी अनिल शर्मा और डीएसएस जसबीर दलाल ने मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। स्कूल निदेशक जय विकास ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य किताबी ज्ञान के साथ विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाना भी है। ऐसी प्रदर्शनियों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय घोषित किया गया। इस मौके पर चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित चावला, संदीप, अश्वनी, हरीश, डॉक्टर मोहित नांदल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।